दैनिक जागरण 06/02/2025

डा. रोहित दत्त को ओस्का शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार



जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त पुरस्कार के साथ। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को ओस्का द्वारा शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान ओस्का के संस्थापक डा. धर्मपाल और डा. चंद्रपाल पूनिया एवं डा. राकेश राष्ट्रीय शिक्षा समन्वयक द्वारा प्रदान किया गया। डा. धर्मपाल वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के करनाल क्षेत्रीय केंद्र में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। प्राचार्य ने कहा कि जीएमएन कालेज अपने छात्रों के समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। कई रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, ताकि छात्र कौशल-आधारित ज्ञान प्राप्त कर सके और उन्हें रोजगार के अवसर आसानी से मिलें। उधर, जीएमएन कालेज के अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी, और संस्कृत विभागों ने आइकेएस क्लब और लैंग्वेज लैब के सहयोग से साहित्य, संस्कृति और समाजिक विषय पर आनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कालेज के सेमीनार हाल में हुआ, वक्ताओं ने साहित्य के समाज और संस्कृति पर प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य वक्ता डा. अरोमा खारशिंग, असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट आफ इंग्लिश लिटरेचर इंग्लिश एंड फारेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी, रीजनल कैंपस शिलोंग एवं डा. जंग बहादुर पांडेय रांची विश्वविद्यालय के भाषाओं के डीन मौजूद रहे।